“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 17, 1945
गुरुवार, दिसंबर 08, 2023

वीर नारी ने एनसीसी के देशव्यापी मेगा साइक्लोथॉन को दिखाई हरी झंडी

सभी बालिका कैडेट इस अभियान में भाग लेती हैं

शौर्य चक्र से सम्मानित दिवंगत लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद की पत्नी प्रियंका नायर ने 8 दिसंबर 2023 को कन्याकुमारी से मेगा नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई। 75वें एनसीसी स्थापना दिवस को मनाने के लिए पूरे देश में ऑल गर्ल कैडेट साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया है।

साइक्लोथॉन दो जगहों से शुरू किया गया है, एक पश्चिमी तट पर कन्याकुमारी से और दूसरा पूर्वी अक्ष पर गुवाहाटी से, दोनों का समापन नई दिल्ली में होगा। 'नारी शक्ति' का प्रतीक व असाधारण रूप से प्रशिक्षित इन बालिका कैडेटों ने लगभग 3000 किलोमीटर के इस चुनौतीपूर्ण साइक्लोथॉन में भाग लिया है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य रैलियों, बैनरों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नागरिकों को महिला सशक्तिकरण का संदेश देना है। यह सभी एनसीसी कैडेटों के बीच साहस की भावना को प्रज्वलित करता है और साथ ही राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देने के लिए युवाओं में समर्पण और देशभक्ति को बढ़ावा देता है।

एबीबी/एसएस